भारत सरकार
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1543
रविवार, 20 सितम्बर, 2020 को उत्तर के लिए नियत

मोटर गाड़ियों की बिक्री में गिरावट

1543. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या लगातार नौवें महीने वाणिज्यिक और यात्री दोनों वाहनों के क्षेत्र में ऑटोमोबाइल की बिक्री में तेजी से गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में नौकरियों का नुकसान हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास ऑटो उद्योग के लिए पुनरुद्धार पैकेज घोषित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) और (ख): जैसा कि सोसाइटी ऑफ इण्डियन ऑटोमोबाइल मैनुफैक्चरर्स (एसआईएएम) ने बताया है, वर्ष 2019 और 2020 में जनवरी-अगस्त में यात्री वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री निम्न प्रकार से है :-

घरेलू बिक्री (संख्याओं में)									
श्रेणी	वर्ष	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त
यात्री वाहन	2019	280,091	272,243	291,861	247,541	226,975	209,522	190,115	189,129
	2020	263,164	251,516	140,910	0	33,546	105,617	182,779	215,916
वाणिज्यिक वाहन	2019	87,591	87,436	109,022	68,680	68,847	70,771	56,866	51,897
	2020	75,289	58,670	13,027	31,636*			लागू नहीं	लागू नहीं

* वाणिज्यिक वाहनों के आंकड़े अप्रैल 2020 तक की तिमाही के आधार पर उपलब्ध हैं।

सरकार के पास नौकरी के नुकसान के पुख्ता आंकड़े नहीं हैं।

(ग) और (घ): नीति निर्माता के रूप में, भारत सरकार क्षेत्र के व्यापक और सतत विकास के लिए उपायों के एक पैकेज के माध्यम से अर्थव्यवस्था की गति को बनाये रखने और सुधारने का सदैव प्रयास कर रही है।

*****